UPBS120001372023

**न्यायालय Civil Judge(J.D.), Khalilabad, At Basti**

<u>पीठासीन अधिकारी– </u>(SUSHRI ABHA RANI)<u>, (उ०प्र० न्यायिक सेवा) – UP04637</u>

**मूल वाद सं०–102/2023**
**प्रदीप कुमार बनाम सरकार उ०प्र०**

<u>दिनांक–22.04.2026</u>

पत्रावली पेश हुई। पुकार पर वादी अनुपस्थित। प्रतिवादी उपस्थित। पत्रावली लंच के बाद पेश हो।

**<u>लंच बाद –</u>**

पत्रावली पुनः पेश हुई। बार–बार पुकार कराये जाने पर वादी अनुपस्थित। आदेश पत्रक के अवलोकन से विदित होता है कि वादी दिनांक 12.03.2023 (लगभग 3 साल) से अनुपस्थित चले आ रहे हैं। पक्षकार आज भी अनुपस्थित हैं तथा पक्षकार की ओर से कोई स्थगन प्रार्थना पत्र प्रस्तुत नहीं किया गया। ऐसा प्रतीत होता है कि वादी को वाद की कार्यवाही अग्रसारित करने में कोई रूचि नहीं है न ही वादी वाद पर बल देना चाहता है। पूर्व में न्यायालय द्वारा वादी को उपस्थिति हेतु दिनांक 19.03.2026 को अंतिम अवसर दिया गया। इसके बावजूद वादी उपस्थिति नहीं आए। उपरोक्त परिस्थितियों में वाद खारिज किए जाने योग्य है।

**<u>आदेश</u>**

प्रस्तुत पत्रावली वादी की अनुपस्थिति में खारिज की जाती है। पत्रावली नियमानुसार दाखिल दफ्तर हो।

दिनांक–22.04.2026

**(आभा रानी)**
सिविल जज (जू०डि०),
खलीलाबाद, बस्ती